हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 18 फ़रवरी 2026, समय 18:10 (10 मिनट)

मुख्य समाचार

- केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने आज ए - आई शिखर सम्मेलन में ऊर्जा पवेलियन का शुभारंभ किया ।
- सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा , भारत वास्तविक दुनिया की समस्याओं के समाधान के लिए ए-आई पर ध्यान केंद्रित कर रहा है ।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जींद जिले के उचाना विधान सभा क्षेत्र में 103 करोड़ 31 लाख रुपए की पाँच परियोजनाओ का उघाटन एवं शिलान्यास किया ।
- मुख्यमंत्री ने उचाना हल्के के विकास के लिए करोड़ों रुपए की परियोजनाओ की घोषणा की, सभी गांवों में पुस्तकालय खोले जाएंगे ।
- कुरुक्षेत्र के जिला नागरिक अस्पताल में करीब 10 करोड़ रुपए की लागत की एम आर आई मशीन मुहैया करवाई गई ।

****

केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने आज नई दिल्ली में एआई शिखर सम्मेलन में ऊर्जा मंत्रालय के पवेलियन का शुभारंभ किया। केंद्रीय मंत्री ने दिल्ली मेट्रो रेल निगम की प्रदर्शनी का भी दौरा किया। ऊर्जा मंत्रालय ने कहा कि यह पवेलियन भविष्य के लिए तैयार, कुशल और मजबूत ऊर्जा क्षेत्र के निर्माण के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का लाभ उठाने के प्रति देश की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। यह मेगावाट से मेगाबाइट तक: भारत की ऊर्जा इकोसिस्टिम का रूपांतरण विषय पर एक दूरदर्शी दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है।

****

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत उद्यमों की उत्पादकता में सुधार, स्वास्थ्य देखभाल, कृषि, जलवायु परिवर्तन जैसी वास्तविक दुनिया की समस्याओं के समाधान के लिए एआई पर दृढ़ता से ध्यान केंद्रित कर रहा है। वे इंडिया एआई इम्पैक्ट सम्मेलन में एक अनुसंधान संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह एआई शिखर सम्मेलन इसके लिए एक उचित अवसर है।

श्री वैष्णव ने कहा कि एआई शिखर सम्मेलन में विभिन्न तकनीकी मामलों पर चर्चा हो रही है। उन्होंने वहाँ मौजूद विशेषज्ञों से अनुरोध किया कि वे एआई को सुरक्षित बनाने के लिए ठोस सुझाव दें। उन्होंने कहा कि एआई एक महत्वपूर्ण उपकरण है, इसका उपयोग संतुलन बिगाड़ने में नहीं, मनुष्यों के लाभ के लिए किया जाना चाहिए।

****

सरकार ने इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो की अवधि एक दिन बढ़ाकर 21 फरवरी तक कर दी है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन ने बताया कि प्रदर्शकों, नवप्रवर्तकों और आगंतुकों से मिली उत्साहजनक प्रतिक्रिया के बाद यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि एक्सपो इस महीने की 20 और 21 तारीख को रात 8 बजे तक खुला रहेगा। सचिव ने बताया कि कल एक्सपो आम जनता के लिए बंद रहेगा।

इंडिया एआई और इंटेल इंडिया ने एआई जिम्मेदारी अभियान के अंतर्गत 24 घंटे में सबसे अधिक संकल्प प्राप्त करने का नया विश्व रिकॉर्ड बनाया है। इसके अंतर्गत 25 लाख से अधिक छात्रों ने संकल्प लिया। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण को दर्शाती है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए पूरी टीम को बधाई दी।

****

****

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज जींद जिले के उचाना विधानसभा क्षेत्र में 103 करोड़ 31 लाख रुपये की पांच परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 28 करोड़ 54 लाख रुपये लागत की 3 परियोजनाओं का उद्घाटन और 74 करोड़ 77 लाख रुपये की लागत की 2 परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल हैं।

वे जींद के उचाना में बुधवार को धन्यवाद रैली को संबोधित कर रहे थे।मुख्यमंत्री ने कहा कि उचाना हलके के विकास को गति देने के लिए 11 वर्षो के कार्यकाल में की गई 98 मुख्यमंत्री घोषणाओं में से 78 का काम पूरा हो चुका और 15 का काम प्रगति पर है।

उन्होंने कहा कि हलके के विकास पर पिछले 11 वर्षों में 1 हजार 409 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं।मुख्यमंत्री ने उचाना से विधायक देवेन्द्र चतुर्भुज अत्री की मांग पर क्षेत्र के विकास के लिए कई घोषणाएं भी की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी गांवों में पुस्तकालय खोले जाएंगे।

सड़कों के निर्माण को लेकर श्री नायब सिंह सैनी ने कहा-

मुख्यमंत्री ने क्षेत्र के समग्र विकास के लिए अलग से 5 करोड़ रुपये देने की घोषणा भी की। साथ ही विभिन्न वर्गों की धर्मशालाओं के लिए अपने ऐच्छिक कोटे से 11-11 लाख रुपये देने की घोषणा की।

****
****

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं। हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं। यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।

****
****

स्वास्थ्य विभाग द्वारा कुरुक्षेत्र के जिला नागरिक अस्पताल में करीब 10 करोड़ रुपये की लागत से एमआरआई मशीन मुहैया करवाई गई है। आज पूर्व मंत्री सुभाष सुधा ने इस मशीन का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य आम नागरिकों को बेहतर और सस्ती स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। अब मरीजों को कम दाम में एमआरआई जांच की सुविधा मिलेगी।

****
****

हरियाणा में रात से कई जगह छिटपुट बूंदाबांदी के साथ मौसम ने करवट ली है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉक्टर चंद्रशेखर डागर ने बताया -

डॉक्टर चंद्रशेखर डागर ने किसानों को फसलों में आवश्यकता अनुसार सिंचाई करने की सलाह दी है।

****
****

पंचकूला अपराध शाखा की सेक्टर 26 की टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उससे चोरी के 11 वाहन बरामद किए हैं । उप-पुलिस अधीक्षक मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया की आरोपी से 9 मोटरसाइकिल व 2 स्कूटर बरामद हुए हैं । आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है ।

****
****

कैथल की उपायुक्त अपराजिता ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार कैथल में महिलाओं के सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान की जल्द ही शुरुआत की जाएगी । इस अभियान के तहत 14 वर्ष की बालिकाओं को टीका लगाया जाएगा।

****
****